हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–60 : जौनपुर, गुरुवार 27 अक्टूबर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी द्वारा केजीएमयू में स्थापित की गयी एशिया की पहली पैथोजेन रिडक्शन मशीन

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में थोरेसिक सर्जरी विभाग एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग व ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में एशिया की पहली पैथोजेन रिडक्शन मशीन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि उत्तर प्रदेश के तीन बड़े मेडिकल कॉलेज केजीएमयू, आरएमएल और एसजी पीजीआई को सुपर स्पेशियलिटी फैसिलिटी की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ना होगा। हमें समय से दो कदम आगे चलना होगा तभी समाज हमारा अनुकरण करेगा, नहीं तो यही समाज हमें अविश्वसनीय नजरों से देखेगा। एशिया की एकमात्र मशीन से आसान होगा फेफड़ों की कई बीमारियों का इलाज केजीएमयू में थोरेसिक सर्जरी विभाग एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग व ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में एशिया की पहली पैथोजेन रिडक्शन मशीन के लोकार्पण से अब प्रदेश में फेफड़े के कैंसर सहित छाती से जुड़ी बीमारियों की सर्जरी असानी से हो सकेगी। इसके साथ ही नसों से जुड़ी बीमारियों के मरीजों को भी लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। साथ ही पैरों की नसों में गुच्छे से सेना और सुरक्षा से जुड़ी नौकरियों में नहीं जा पाने वाले युवाओं का सपना भी साकार हो सकेगा। इसके अलावा इन विभागों में नये शोध होंगे, जिससे ज्यादा से ज्यादा विशेषज्ञ भी तैयार होंगे। कार्डियक थोरेसिक और वस्कुलर सर्जरी का अलग अलग विभाग शुरू करने वाला यूपी देश का पहला राज्य है। ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन के क्षेत्र में महत्पूर्ण कदम अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे लिये ये अत्यंत प्रसन्नता का क्षण है कि देश के सबसे बड़े चिकित्सा विश्विवद्यालय में आज हम प्रगति के नये आयाम को जुड़ते हुए देख रहे हैं। केजीएमयू में आज तीन उपलब्धियां क्रमिक रूप से आगे बढ़ रही हैं, जोकि अत्यंत महत्पूर्ण है। मुख्यमंत्री ने केजीएमयू में दोनों नवगठित विभागों (थोरेसिक सर्जरी विभाग एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग) और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में एशिया की पहली पैथोजेन रिडक्शन मशीन के लोकार्पण को ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन के क्षेत्र में अति महत्पूर्ण कदम बताया। मुख्यमंत्री ने केजीएमयू के थोरेसिक सर्जरी विभाग के प्रो शैलेन्द्र कुमार, वैस्कुलर सर्जरी विभाग के प्रो अम्बरीश कुमार और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष प्रो तुलिका चंद्रा को इस उपलब्धि के लिये बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में ऑर्गन ट्रांसप्लांट की सबसे ज्यादा आवश्यक्ता है। हमारे पास इस क्षेत्र में नेतृत्व करने की असीम संभावनाएं हैं। सरकार हर नयी प्रगति के साथ खड़ी है मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार चिकित्सा के क्षेत्र में होने वाली हर नयी प्रगति के साथ खड़ी है। अगर आप पूरी



ईमानदारी के साथ किसी भी कार्यक्रम को आगे लेकर बढ़ते हैं तो पैसे की कोई समस्या नहीं होगी। हमें मेडिकल साइंस में समय के अनुरूप चलने की आदत बनानी होगी। उसी के अनुरूप अपने कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना होगा। सुपर स्पेशियलिटी फैसिलिटी की ओर ही आगे बढ़ना होगा उन्होंने कहा कि केजीएमयू, आरएमएल, एसजीपीजीआई को अब सुपर स्पेशियलिटी फैसिलिटी की ओर ही आगे बढ़ना चाहिए। वर्तमान में हम वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज बनाने की दिशा में तेजी से अग्रसर हुए हैं। आज हम हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज दे रहे हैं, तो स्वाभाविक रूप से मरीजों की भीड़ निचले स्तर पर ही छंटनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों चिकित्सा शिक्षा विभाग को इस बारे में निर्देशित किया गया है कि जिलों के मेडिकल कॉलेज से हर पेशेंट को लखनऊ ना भेजा जाए। कोविड काल में हम वर्चुअल आईसीयू के जरिए सफलतापूर्वक टेली कंसल्टेशन कर चुके हैं। ऐसे में हमें जिलों के मेडिकल कॉलेजों को टेली कंसल्टेशन के माध्यम से गाइड करना होगा। इससे अनावश्यक मरीजों की भीड़ छंटेगी, जिससे केजीएमयू सहित तीनों मेडिकल कॉलेज की क्वालिटी में सुधार होगा। हमें अपना मूल्यांकन भी करना होगा मुख्यमंत्री ने कहा कि केजीएमयू ने मेडिकल साइंस के क्षेत्र में लंबी यात्रा पूरी की है। पांच साल पहले ही इसने अपनी 100 वर्ष की यात्रा पूरी की है। आज भी देश के वरिष्ठ चिकित्सकों में से अधिकतर खुद को केजीएमयू के साथ जोड़कर गर्व की अनुभूति करते हैं। मगर ध्यान दें, कि इस 100 साल में मेडिकल साइंस के क्षेत्र में बहुत प्रगति हुई है। हम इस प्रगति में कहां पर हैं, क्या कहीं ठहराव भी आया है, हमें इसका भी मूल्यांकन करने की आवश्यक्ता है। लिखने की आदत डालें डॉक्टर, रिसर्च और पेटेंट पर भी दें ध्यान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पास काबिल डॉक्टरों की कोई कमी नहीं है, मगर समस्या ये है कि हम एक भी रिसर्च पेपर नहीं लिख रहे हैं, ना ही कोई अन्तरराष्ट्रीय पब्लिकेशन दे रहे हैं। ऐसे में पेटेंट करने की दिशा में हमारी प्रगति लगभग शून्य जैसी है। हम नैक के मूल्यांकन की चर्चा करते हैं मगर हमें देखना होगा कि हमारे रिसर्च पेपर्स की स्थिति क्या हैं, हमारे पब्लिकेशन की उपलब्धि क्या हैं। हमने पेटेंट के लिए कितने रिसर्च पेपर को आगे बढ़ाया है। जरूरत इस बात की है कि हमें इसे अपने दैनिक कार्यक्रमों का हिस्सा बनाना होगा। हमें लिखने की आदत डालना चाहिए। इन्टरनेशनल जर्नल में अपने पब्लिकेशन्स छपने के लिए देना चाहिए। अगर हम अभी से इसकी तैयारी करेंगे तो नैक के मूल्यांकन में बहुत अच्छी ग्रेडिंग प्रप्त होगी, इसमें संशय नहीं होगा।

## गोरखपुर में बर्तन व्यापारी की चाकू से गोदकर हत्या

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के खोराबार थाना क्षेत्र के डांगीपार में बुधवार रात करीब 9:30 बजे लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद में बर्तन व्यापारी विक्की वर्मा (22) की चाकू गोद कर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देकर भाग रहे बदमाशों ने फायरिंग भी की। उधर, युवक की मौत के बाद जिला अस्पताल की इमरजेंसी में परिजनों ने हंगामा कर दिया। पुलिस ने किसी तरह सभी को समझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। वारदात की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक, बेलीपार के महाबीर छपरा के मूल निवासी राज किशोर वर्मा परिवार के साथ डांगीपार में रहते हैं। इनका बर्तन का कारोबार है। डांगीपार में लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। बुधवार रात गाजे–बाजे के साथ लोग प्रतिमा विसर्जन के लिए राप्ती नदी की तरफ जा रहे थे। घरवालों के मुताबिक विक्की बंधे की तरफ टहलने गया था। इसी दौरान प्रतिमा विसर्जन में जा रहे कुछ युवकों से किसी बात पर विक्की का विवाद हो गया। इसी बात पर युवकों ने चाकू से गोद कर विक्की की हत्या कर दी। इसके बाद फायरिंग करते हुए फरार हो गए। घायल विक्की को जिला



अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विक्की के शरीर पर चाकू के कई वार किए गए थे। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने शव को मोर्चरी में रखने की कोशिश की तो विक्की के साथ आए लोग हंगामा करने लगे और जबरदस्ती शव लेकर जाने लगे। इस पर डॉक्टरों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के बाद भी साथ आए लोग विक्की के जिंदा होने की बात कहते हुए शव को लेकर शहर के एक नर्सिंग होम में गए। हालांकि बाद में शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि युवक की चाकू मारकर हत्या की गई है। हत्या की वजह सामने नहीं आई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से मामले की छानबीन कर रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## सभी मेडिकल कॉलेजों में होगा लिक्विड ऑक्सीजन का इंतजाम : उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के सभी राजकीय मेडिकल कॉलेजों में मरीजों को बिना किसी बाधा के ऑक्सीजन सुविधा मिलेगी। इसके लिए सभी मेडिकल कॉलेजों को लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) प्लांट से लैस किया जाएगा। इसके लिए लाइसेंस समेत दूसरे संसाधन जुटाने की कवायद तेज कर दी गई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं प्रधानाचार्यों को जल्द से जल्द यह सुविधा शुरू करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। यहां पढ़ाई के साथ मरीजों के उपचार की सुविधाएं भी बढ़ रही हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि 41 मेडिकल कॉलेजों में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मौजूदा समय में 13 मेडिकल कॉलेजों को पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिवस सेफ्टी आर्गेनाइजेशन (पीईएसओ) से लाइसेंस मिल गया है। बाकी 28 कॉलेजों में लाइसेंस की प्रक्रिया चल रही है। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि




इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इसके बाद सभी कॉलेजों में भर्ती होने वाले मरीजों को पाइपलाइन से ऑक्सीजन की सुविधा दी जाएगी। लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की सुविधा होने से सिलेंडर पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इसके कम आक्सीजन में ज्यादा से ज्यादा मरीजों का उपचार हो सकेगा। साथ ही सिलेंडर लाने और लेजाने के झंझट से भी निजात मिलेगी।

## आधा दर्जन से अधिक जिलों के जल्द बदले जाएंगे कप्तान : शीर्ष स्तर पर किया जा रहा मंथन

लखनऊ ब्यूरो : यूपी में आधा दर्जन से अधिक जिलों के कप्तान जल्द ही बदले जाएंगे। किस अधिकारी को किस जिले में भेजा जाए, इसे लेकर मंथन चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अनुमोदन लेने के बाद इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार लखनऊ जोन के कम से कम तीन जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले जाएंगे। इसमें बाराबंकी भी शामिल है। बाराबंकी के एसपी अनुराग वत्स की तैनाती केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर आईबी में हो गई है। उन्हें कार्यमुक्त करने की पत्रावली शासन में लंबित है। उनके स्थान पर नए कप्तान को भेजा जाएगा। इसके अलावा बीते दिनों लखनऊ जोन के एक जिले के कप्तान के रवैये को लेकर मुख्यमंत्री ने खुद नाराजगी जाहिर की थी। जिसकी वजह से उनका हटना भी तय माना जा रहा है। एक अन्य जिला भी घटनाओं को लेकर चर्चा में है। यहां लंबे समय से कप्तान जमे हुए हैं। इसी तरह बरेली जोन के एक जिले के कप्तान के रवैये को लेकर शासन स्तर पर नाराजगी जाहिर की जा चुकी है, वहां भी नया कप्तान भेजे जाने की चर्चा है। मेरठ जोन के एक महत्वपूर्ण जिला हाल के दिनों में आपराधिक घटनाओं को लेकर चर्चा में है। यहां भी नया कप्तान भेजा जा सकता है। वाराणसी जोन के दो जिलों के कप्तान भी बदले जा सकते हैं। इसमें से एक को पश्चिमी



उत्तर प्रदेश में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की बात कही जा रही है। सूत्रों का कहना है कि 2017 बैच के कुछ आईपीएस अधिकारियों को इन तबादलों में समायोजित किया जा सकता है और उन्हें जिले की कमान सौंपी जा सकती है। इन अधिकारियों को तैनाती का इंतजार वहीं पांच ऐसे अधिकारी हैं जो मौजूदा समय में प्रतीक्षारत हैं। इसमें दो एडीजी, एक–एक आईजी, डीआईजी और एसपी रैंक के अफसर शामिल हैं। एडीजी डीके ठाकुर और विजय सिंह मीना लखनऊ व कानपुर के पुलिस आयुक्त के पद से हटने के बाद से प्रतीक्षारत हैं। इसी तरह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आए अजय मिश्रा को भी तैनाती नहीं मिली है। लंबे समय तक निलंबित रहने के बाद बहाल किए गए डीआईजी अनंत देव और एसपी पवन कुमार भी प्रतीक्षा में ही चल रहे हैं। इन दोनों अधिकारियों की भी तैनाती होनी है। माना जा रहा है कि अब सारे त्योहार लगभग संपन्न हो चुके हैं, ऐसे में इन अधिकारियों को जल्द ही तैनाती दी जाएगी।

## स्टेशन पर सेना के जवान की बाइक न उतरनें से जमकर हुआ हंगामा

गोरखपुर ब्यूरो : जम्मूतवी से भागलपुर जा रही अमरनाथ एक्सप्रेस में सेना के जवान ने अपनी बाइक उतारे जाने को लेकर हंगामा कर दिया। पार्सल ज्यादा होने के कारण जवान की बाइक को उतारा नहीं जा सका था। इसके चलते ट्रेन करीब 20 मिनट तक खड़ी रही। दरअसल, सेना का जवान जम्मू से गोरखपुर की यात्रा के लिए ट्रेन में चढ़ा था। उसने पार्सल में एक बाइक बुक कराई थी। बुधवार की रात 8:40 बजे प्लेटफार्म तीन पर ट्रेन जब गोरखपुर पहुंची तो जवान की बाइक को पार्सल यान से रेलवे कर्मचारी नहीं उतार पाए। इस पर सेना के जवान ने अपनी बाइक को उतारने के लिए कहा। इसे लेकर रेलकर्मियों और सेना के जवान में कहासुनी हो गई। गार्ड शीतल प्रसाद ने इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को दी। आरपीएफ के जवानों ने पहुंच कर सेना के जवान को समझा। आश्वस्त किया कि ट्रेन जब वापसी में आएगी तो बाइक उतार ली जाएगी। इसके चलते ट्रेन करीब 20 मिनट की देरी से रवाना हो सकी। ट्रेनों में उमड़ी भीड़, स्पेशल से भी राहत नहीं छठ पर्व पर रुटीन ही नहीं, पूजा स्पेशल ट्रेनों में भी कन्फर्म टिकट नहीं मिल पा रहा है। ट्रेन में जैसे ही टिकट की बुकिंग शुरू हो रही है, सीटें फुल हो जा रही हैं। बुधवार को आनंदविहार टर्मिनस से मुजफ्फरपुर आने के



लिए खड़ी सप्तक्रांति एक्सप्रेस में जबरदस्त भीड़ थी। कोच में घुसने में यात्रियों को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वैशाली, बिहार संपर्कक्रांति, सत्याग्रह और आम्रपाली एक्सप्रेस में भी सीटें फुल हो चुकी हैं। स्पेशल ट्रेनों के टिकट तत्काल बुक हो जा रहे हैं। सिस्टम में लोड होते ही एक मिनट के अंदर स्पेशल ट्रेनों के कन्फर्म टिकट आनलाइन बुक हो जा रहे हैं। लोगों को रेलवे के काउंटरों तक पहुंचने की आवश्यकता नहीं पड़ रही। यह हाल तब है, जबकि पूर्वोत्तर रेलवे में 70 पूजा एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं। नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## ट्रैक्टर को पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर : ट्राली पर सवार दो मजदूरों की मौत

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में पीजीआई बछरावां थाना क्षेत्र ईंट लादकर आ रही एक ट्रैक्टर ट्राली में ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से ट्राली में सवार दो मजदूरों की मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह साढ़े दस बजे रायबरेली की तरफ से ईट लाद कर आ रहा एक ट्रैक्टर कल्ली के पास आगे जा रहे ट्रक ट्राला को ओवरटेक करने के चक्कर पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर–ट्राली अनियंत्रित होकर टूट कर पलट गई। इस दुर्घटना में ट्राली में बैठे फूलचंद्र (27) और सचिन (20) निवासी बछरांवा की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर पलटी ट्रैक्टर ट्राली को किनारे कराया और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा गया।

## आबकारी व पुलिस टीम ने की छापेमारी : पकड़ी गई शराब

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : जिलाधिकारी एम पी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देश पर कच्ची शराब का कारोबार करने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला



आबकारी अधिकारी रविशंकर के नेतृत्व में आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को थाना पाली क्षेत्र के अलग–अलग गांवों भोरापुर, हरनखुदा, परेली में दबिश दी गई। दबिश के दौरान तलाशी में 40 लीटर कच्ची शराब एवं लगभग 150 किलोग्राम लहन शराब भट्ठी, व शराब बनाने के अन्य उपकरण बरामद किये गये। शराब एवं अन्य उपकरणों को कब्जे में लेते हुए लहन को मौके पर ही नष्ट करा दिया। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में दो महिलाओं के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान आबकारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह मय आबकारी स्टॉफ एवं थाना पाली से कांस्टेबल राजेश निषाद,जयपाल यादव मौजूद रहे।

## श्रद्धा पूर्वक हुई अन्नकूट पूजा : कुछ जगहों पर मना भाई दूज

गोरखपुर ब्यूरो : अन्नकूट, गोवर्धन पूजा और कुछ जगहों पर भाई दूज का पर्व बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। दीपावली के अगले दिन मनाया जाने वाले अन्नकूट और गोवर्धन पूजा इस वर्ष सूर्यग्रहण के कारण दीपावली के दूसरे दिन मनाया गया। अन्नकूट के अंतर्गत लोगों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर मंदिरों में भगवान को भोग लगाया। ब्राह्मणों को खिलाया और फिर स्वयं प्रसाद रूप में ग्रहण किया। वहीं, शाम को लोगों ने भगवान कृष्ण का पूजन कर गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया। हिंदू पंचांग के अनुसार, उदया तिथि में द्वितिया तिथि का मान नहीं होने से भाई दूज का पर्व बृहस्पतिवार को मनाया जाएगा, लेकिन महेवा, तिवारीपुर, बशारतपुर, बड़े काजीपुर सहित कुछ जगहों पर ये पर्व बुधवार को ही मनाया गया। भाई–बहन के पवित्र रिश्ते के प्रतीक भैया दूज पर्व पर बहनों ने पारंपरिक रूप से पूजा–अर्चना की। इसके बाद भाई को प्रसाद खिलाया और उनकी लंबी आयु की प्रार्थना की। कुछ लक्ष्मी प्रतिमाएं भी हुईं विसर्जित दीपावली महापर्व पर पूजा पंडालों में स्थापित मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का विसर्जन बृहस्पतिवार को किया जाना है, लेकिन कुछ पूजा समितियों की ओर से बुधवार को ही धूमधाम से विसर्जन किया गया। इस दौरान उत्साहित युवक डीजे और नगाड़े की धुन पर थिरकते रहे और अबीर व गुलाल उड़ाकर जयकार लगाते रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अच्छा वक्त उसी का होता है जो किसी का बुरा नहीं सोचते।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# सांविधानिक संकट का अग्निपथ

पिछले कुछ वर्षों में चीन ने नेपाल में मजबूत पैठ बना ली है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन नेपाल को भारत विरोधी भावनाओं के लिए उकसा सकता है, हालांकि वर्तमान गठबंधन सरकार का नेतृत्व नेपाली कांग्रेस कर रही है, जिसे भारत समर्थक माना जाता है और वह इसका विरोध कर सकती है।

नेपाल में राणा शासन का इतिहास रहा है। राजा महेंद्र ने 1960 में बीपी कोइराला की चुनी हुई सरकार को बर्खास्त कर दिया और फिर उन्हें जेल में डाल दिया था, जो लोकतांत्रिक आंदोलन की शुरुआत का कारण बना और अंततः 1991 में संसद बहाल हुई। लेकिन वहां का लोकतंत्र अब भी कमजोर है और अपनी जड़ें नहीं जमा सका है, जिसे अपने संविधान का मसौदा तैयार करने और अपनाने में 24 साल लग गए।

वहां के संविधान की वैधता और भावना खतरे में है, क्योंकि राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी और गठबंधन सरकार के बीच सीधे टकराव के कारण गंभीर संकट खड़ा हो गया है। यह संकट वहां के सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश शमशेर राणा के खिलाफ संसद में लंबित महाभियोग के कारण और बढ़ गया है, जो सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपों में लाया गया है।

ऐसी खबरें हैं कि उन्हें नजरबंद रखा गया है, हालांकि सुप्रीम कोर्ट में उन्होंने कामकाज शुरू करने का विफल प्रयास किया था। इधर भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने हाल ही में आधिकारिक घोषणा की कि दोनों देशों के बीच मौजूदा सहमति के अनुसार 40,000 अग्निवीरों की भर्ती की भारत की योजना को रोकने के नेपाल के फैसले से कड़वाहट पैदा हो सकती है, क्योंकि दिल्ली इन पदों पर भर्ती कर सकती है।

ऐसे ही नेपाली राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने जब पांच लाख नेपाली पुरुषों एवं महिलाओं को लाभ पहुंचाने वाले नागरिकता संशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया, तो गठबंधन सरकार से उनका सीधा टकराव हो गया। विधेयक के अनुसार, वे बच्चे वंश के आधार पर नेपाल के नागरिक होंगे, जिनके जन्म के समय उनके माता या पिता नेपाल के नागरिक थे।

इसी तरह अगर कोई नेपाली महिला नागरिक किसी विदेशी मूल के पुरुष से विवाह करती है, तो उसके बच्चे को भी नेपाली नागरिकता मिल जाएगी। केपीएस ओली के नेतृत्व वाली पिछली कम्युनिस्ट सरकार द्वारा पारित विधेयक में प्रावधान था कि नागरिकता पाने के लिए सात साल की प्रतीक्षा अवधि अनिवार्य है। लेकिन शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली मौजूदा गठबंधन सरकार द्वारा इस बिल में संशोधन किया गया था, जो विद्या देवी भंडारी के इनकार करने का मूल कारण प्रतीत होता है।

हालांकि संसद ने दो बार इसे पारित किया है, जिससे राष्ट्रपति के लिए इस पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य हो गया है। गौरतलब है कि भारत ने बिहार, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से सटे तराई के लोगों (मधेशियों) के साथ हो रहे अन्याय के बारे में अपनी आशंका व्यक्त की थी और गठबंधन सहयोगियों ने मई, 2021 में संसद में ओली सरकार की हार के बाद इस मुद्दे को सुलझाने का वादा किया था।

चीन एशिया में अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए भारत के मित्र राष्ट्रों को दूर करना चाहता है, इसलिए वह खुलेआम राष्ट्रपति भंडारी का समर्थन कर रहा है, जिन्होंने नागरिकता संशोधन विधेयक को बाधित कर रखा है। भंडारी ने हाल ही में सरकार के कड़े विरोध के बावजूद चीनी वैश्विक सुरक्षा पहल की एक आभासी बैठक में भाग लिया।

इधर भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अपनी नई अग्निपथ योजना के तहत नेपाल से सैनिकों को भर्ती करने के लिए जारी भर्ती चक्र में रिक्तियों को वापस लेने पर मजबूर हो सकता है। काठमांडू स्थित विशेषज्ञों का कहना है कि भारत की ऐसी कार्रवाई से नेपाल के साथ सदियों पुराने संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है क्योंकि चीन इसका फायदा उठाने की ओर अग्रसर है।

पिछले कुछ वर्षों में चीन ने नेपाल में मजबूत पैठ बना ली है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन नेपाल को भारत विरोधी भावनाओं के लिए उकसा सकता है, हालांकि वर्तमान गठबंधन सरकार का नेतृत्व नेपाली कांग्रेस कर रही है, जिसे भारत समर्थक माना जाता है और वह इसका विरोध कर सकती है। नेपाल में आगामी नवंबर में आम चुनाव होने वाले हैं और संसद स्थगित है, जिसने प्रधान न्यायाधीश राणा के महाभियोग मामले को जटिल बना दिया है।

इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने–सामने हैं। इससे न्यायपालिका में कामकाज को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है और तत्काल इसका समाधान करने की जरूरत है। नेपाल सरकार ने नई दिल्ली को अवगत कराया है कि अग्निपथ योजना के तहत भर्ती 1947 में तत्कालीन ब्रिटिश, भारत और नेपाली सरकार के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते का उल्लंघन होगी, जो भारतीय सेना में भर्ती सुनिश्चित करता है और भारतीयों की तरह समान वेतन, पेंशन और अन्य सुविधाओं की गारंटी देता है।

लेकिन अग्निवीर योजना स्थायी भर्ती नहीं है। नेपाल सरकार और वहां की राजनीतिक पार्टियां महसूस करती हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद इनका कोई भविष्य नहीं होगा और वे सिरदर्द बन जाएंगे, क्योंकि पिछड़ापन और औद्योगिकीकरण के अभाव के कारण नेपाल में रोजगार के अवसर नहीं हैं। दूसरी बात, विपक्षी दल आगामी आम चुनाव में इसे मुद्दा बना सकते हैं, इसलिए सत्तारूढ़ गठबंधन को मतदाताओं की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

नेपाल सरकार अग्निवीर योजना से नाराज है, क्योंकि भारत सरकार ने बिना बताए या परामर्श किए यह योजना शुरू की है, जो त्रिपक्षीय समझौते का उल्लंघन करती है। इस योजना के खिलाफ विपक्षी दल नेपाल में सड़कों पर प्रदर्शन कर सकते हैं और सत्तारूढ़ गठबंधन को घेर सकते हैं, इसलिए सरकार चुनाव तक इस पर फैसला स्थगित रखना चाहती है।

भारतीय सेना नेपाल में विभिन्न जगहों पर भर्ती आयोजित कर आगामी दिसंबर में पच्चीस हजार और फरवरी में पंद्रह हजार अग्निवीरों को भर्ती करना चाहती है, लेकिन नेपाल सरकार के नकारात्मक रवैये से पूरा कार्यक्रम बाधित हो गया है। आंकड़ों के अनुसार, भारतीय सेना में नेपाली गोरखाओं की सालाना भर्ती धीरे–धीरे घटकर लगभग 1,500 रह गई है।

काठमांडू स्थित वरिष्ठ पत्रकार कनक मणि दीक्षित मानते हैं कि अग्निपथ योजना का नेपाली समाज पर नकारात्मक असर तो होगा ही, दोनों देशों के संबंधों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। विश्लेषकों का मानना है कि आगामी आम चुनाव के बाद अगर नेपाली कांग्रेस और उसके सहयोगियों की सत्ता बरकरार रहती है, तो नेपाल में अग्निपथ योजना लागू हो सकती है, अन्यथा संभावनाएं कम होती दिख रही हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## गोवर्धन पूजा पर संगमनगरी में वृंदावन जैसा नजारा : डिप्टी सीएम ने उतारी गिरिराज की आरती

प्रयागराज ब्यूरो : गोवर्धन पूजा पर बुधवार को संगमनगरी वृंदावन में तब्दील नजर आई। इस्कॉन मंदिर में उमड़े सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु झूमते–नाचते रहे। कहीं आरती उतारी गई तो कहीं छप्पन भोग अर्पित कर गिरिराज को नमन किया गया। बुधवार को घरों से लेकर मंदिरों तक सविधि गोवर्धन पूजा की गई। मुट्ठीगंज स्थित मुंशी रामप्रसाद की बगिया महिलाओं ने गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की अल्पना बनाकर पूजन किया। इस दौरान अन्नकूट महोत्सव के रूप में 56 भोग लगाया गया। गिरिराज भगवान को रोली, अक्षत, चंदन, पान, मिष्ठान अर्पित किया गया। 122 वर्ष पुराने इस राधा कृष्ण मंदिर में अन्नकूट महोत्सव की झांकी देखते बनी। इस दौरान राधा कृष्ण का रंग–बिरंगे फूलों से भव्य शृंगार किया गया। मंदिर को झालरों से सजाया गया। शाम को आरती के बाद छप्पन भोग लगाया गया। झांकी दर्शन के लिए सुबह से देर रात तक भक्तों की भीड़ लगी रही। आतिशबाजी से खुशी का इजहार किया गया। बतौर मुख्य अतिथि केशव प्रसाद मौर्य ने आरती की। इनके अलावा विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, एमएलसी केपी श्रीवास्तव, विधायक गुरु प्रसाद मौर्या, पूर्व विधायक दीपक पटेल, एमएलसी निर्मला पासवान, केपी ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष टीपी सिंह ने भी गिरिराज पूजन किया। मंदिर के पुजारी शिव बाबू द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन–अर्चन कराया। स्वागत कुमार नारायण और राजेंद्र नारायण ने किया। इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केशरवानी, काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, राजेश केशरवानी, सुमित श्रीवास्तव, शैलेंद्र मधुर मौजूद थे। इसी तरह इस्कॉन मंदिर में गोवर्धन पूजा पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएं भजनों के बोल पर थिरकती रहीं। अलोपीबाग स्थित पंजाबी कॉलोनी के अलावा जगन्नाथ महोत्सव समिति की ओर से भी गोवर्धन पूजा की गई। महाआरती में बोले उपमुख्यमंत्री, मोदी–योगी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति का विश्व में बजा डंका जनहित त्रिवेणी आरती समिति की ओर से बुधवार को कीडगंज स्थित बोट क्लब पर महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जग के कल्याण के लिए मां गंगा यमुना की



महाआरती की है। भाजपा सरकार में मोदी और योगी के नेतृत्व में भारतीय सनातन संस्कृति का डंका देश–विदेश में बज रहा है। भाजपा सरकार में प्रयागराज में हुआ दिव्य और भव्य कुंभ ने देश की सनातन संस्कृति के गौरव को बढ़ाया है। उपमुख्यमंत्री का स्वागत भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी व समिति के अध्यक्ष हेमंत चिंटू ने किया। महाआरती के दौरान मुख्य रूप से पदुम जायसवाल, राजेश केसरवानी, अंकुश शर्मा, शुभम वैद्य, शांतनु शर्मा, टीएन दीक्षित, आभा भारती, मीनू पांडेय, प्रमोद मोदी, हिमालय सोनकर, कुलदीप गोस्वामी, राम सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे। गिरिराज की शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु गोवर्धन पूजा पर बुधवार को निकली शोभायात्रा में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान बाल कलाकारों की प्रस्तुतियां यादगार रहीं। शोभायात्रा में कृष्ण–बलराम की झांकियों ने हर किसी का मन मोहा।ब्रजरस रसिक भजन मंडल एवं क्राइम प्रिवेंशन काउंसिल ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को लूकरगंज स्थित श्यामा सदन राधे–कृष्णा एनक्लेव से भगवान गोवर्धन की भव्य शोभायात्रा गाजेबाजे के साथ निकाली गई। बग्गी पर श्रीकृष्ण के रूप में कृष्णा और बलराम के रूप में नक्षत्र द्विवेदी सवार थे। यह सजीव झांकी हर किसी के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। श्रीकृष्ण और बलराम के स्वरूपों के साथ गोपियां भी रथ पर सवार थीं। यात्रा में सैकड़ों भक्तजन शामिल हुए। शोभायात्रा में पीले वस्त्र में महिलाएं कलश लेकर आगे चल रहीं थीं। रास्ते भर जगह–जगह श्रीकृष्ण और बलराम का पूजन किया गया। इससे पहले श्यामा सदन में गाय के गोबर से बनीं गोवर्धन प्रतिमा का पूजन किया गया। शोभायात्रा राधा कृष्ण एन्क्लेव से निकलकर लूकरगंज, खुल्दाबाद, हिम्मतगंज होते हुए श्यामा सदन पहुंची। वहां उनका पूजन कर स्वागत किया गया। इस दौरान बाल कलाकारों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें ओंकार दत्त गौतम, श्रुति निगम की ओर से सुंदर भजनों की प्रस्तुति की गई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का निर्देशन प्रीति सोनकर ने किया। साज सज्जा राधिका निगम ने की। हारमोनियम पर भास्कर कुशवाहा, ढोलक पर हर्ष कुशवाहा, उज्जवल निगम ने संगत दी। अंत में वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र कुमार तिवारी दुकान जी एवं अधिवक्ता दुर्गेश दुबे ने बाल कलाकारों को पुरस्कार प्रदान किया। निम्बार्क आश्रम के महंत राधा माधव दास ने गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। भजन मंडल के संचालक अतुल निगम ने आभार प्रकट किया।

## चित्रगुप्त सेवा धाम ट्रस्ट ने भगवान चित्रगुप्त का कराया सामूहिक पूजन

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना)जिलेभर के कायस्थ समाज के लोगों ने शुक्रवार को श्री चित्रगुप्त महाराज की पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर कई स्थानों पर प्रतिमाएं एवं चित्र स्थापित कर बड़े धूमधाम से चित्रगुप्त महाराज की पूजा–अर्चना की गई। कायस्थ समाज के लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलम, दवात, कॉपी व पुस्तक की पूजा की गई। चित्रांश भवन में श्री चित्रगुप्त सेवा धाम ट्रस्ट ने भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की पूजा–अर्चना की व मनोवांछित कामना की। एक चौकी पर चित्रगुप्त महाराज की तस्वीर स्थापित कर उन्हें रोली, अक्षत, फूल, मिठाई, फल आदि अर्पित की गई। इसके बाद उपस्थित कायस्थ वृंदों ने अपने पुराने सभी काम का ब्योरा चित्रगुप्त जी के सामने रखा गया । इसके पश्चात सभी ने एक सफेद कागज पर ऊं चित्रगुप्ताय नमः लिखा गया। पौराणिक आख्यानों के अनुसार सृष्टि की रचना के बाद ब्रह्माजी चिंतातुर हो गए। चिंता का कारण था– सकल सृष्टि की देखरेख एवं लेखा–जोखा रखना। कोई उपाय न सूझने पर ब्रह्माजी 12 हजार वर्ष की अखंड समाधि में लीन हो गए। इसके बाद उनकी काया से एक तेजस्वी बालक का जन्म हुआ, जिनका नाम ब्रह्माजी ने कायस्थ रखा और कहा कि समस्त जीवों के कर्मों का लेखा–जोखा रखना ही तुम्हारा दायित्व है। युवावस्था में उनका विवाह इरावती एवं शोभावती नामक कन्याओं से हुआ, जिनकी प्रथम पत्नी से चार एवं द्वितीय से आठ पुत्र उत्पन्न हुए। इन पुत्रों का नामकरण इनके शासित प्रदेश के आधार पर क्रमशः श्रीवास्तव, निगम, कर्ण, कुलश्रेष्ठ, माथुर, सक्सेना, गौड़, अस्थाना एवं वाल्मिकी आदि किया गया। आज भी कायस्थ वंश की उपजातियां इन्हीं नामों से अपनी पहचान कायम रखे हैं। पूजन उत्सव का शुभारंभ समाजसेवी कौशल कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्जवलित कर,आचार्य अशोक ने माल्यार्पण कर किया। शिव सत्संग मण्डल के केंद्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ कराकर सामूहिक प्रार्थना कराई। इस मौके पर चित्र गुप्त सेवा धाम ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव ,अर्जित श्रीवास्तव,बैंक के विधि सलाहकार आनन्द वीर श्रीवास्तव,अंकित श्रीवास्तव ,अशोक कुमार श्रीवास्तव समाजसेवी ,नीरज श्रीवास्तव जिला समरसता प्रमुख ,नन्हे लाल श्रीवास्तव,संदीप श्रीवास्तव,बजकिशोर ,समिक्षा,अनूप, देवांश,शिवम,अवधेश श्रीवास्तव, प्रियम श्रीवास्तव ,गौरव,दीपक ,रोहित ,कुलदीप श्रीवास्तव , बाबी श्रीवास्तव ,रवेंद्र श्रीवास्तव ,मोहित श्रीवास्तव, सत्येन्द्र श्रीवास्तव एवं आचार्य अशोक सहित समस्त चित्रांश परिवार के परिजन उपस्थित रहे ।



## रंगदारी न देने पर नर्सिंग होम संचालक को बदमाशों ने घेर कर पीटा : आरोपियों की तलाश शुरू

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में रंगदारी देने से इनकार करने पर तारामंडल रोड पर डिसेंट अस्पताल के संचालक विकास मणि त्रिपाठी को मंगलवार को बदमाशों ने घेर कर पीट दिया। आरोप है कि पहले जिला अस्पताल के पास मारपीट की गई। इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से करने पर आरोपियों ने फिर एसबीआई के पास आकर घेर लिया और पिटाई की। रामगढ़ताल पुलिस ने इस मामले में आदर्श सिंह, आदित्य सिंह, विनित सिंह, शिवम अग्रहरी, अर्चित व मोनू निषाद व अज्ञात पर केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, कोतवाली इलाके के मेवातीपुर निवासी विकास मणि त्रिपाठी तारामंडल के पास डिसेंट अस्पताल चलाते हैं। आरोप है कि मंगलवार को घर पहुंचे थे कि आरोपियों ने रंगदारी मांगा। विकास मणि के इनकार करने पर आरोपियों ने घेरकर उनसे मारपीट की और सोने की चेन लूट ली। विकास के मुताबिक, इसकी शिकायत कोतवाली थाने में की गई, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। इसकी जानकारी आरोपियों को हो गई। इसके बाद सभी ने एसबीआई तारामंडल के पास घेर लिया और पुलिस में शिकायत करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए फिर मारापीटा। इसके बाद पीड़ित ने रामगढ़ताल थाने में तहरीर दी।

## छठ पर इस बार नदी के अंदर स्थापित होगा अर्पण कलश : यूपी में नगर विकास विभाग ने किए यह विशेष इंतजाम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। छठ पूजा के मद्देनजर इस बार यूपी में विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस बार अर्पण कलश नदी के अंदर ही स्थापित किए जाएंगे। त्यौहार के जश्न के साथ पर्यावरण का ध्यान रखते हुए यह कदम उठाया गया है। छठ की तैयारी को लेकर उत्तर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। निदेशक स्थानीय निकाय श्रीमती नेहा शर्मा की तरफ से इस संबंध में सभी नगर आयुक्त और अधिशासी अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत, जहां एक ओर घाटों पर साफ–सफाई पर जोर दिया गया है वहीं, श्रद्धालुओं व आम जनमानस के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। निदेशक स्थानीय निकाय श्रीमती नेहा शर्मा ने बताया कि पर्व के समापन के उपरान्त साफ–सफाई कूड़े के उठान व प्रबन्धन तथा मार्ग प्रकाश की व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में वार्डवार प्रतिस्पर्धा कराई जाएगी। प्रतिस्पर्धा में चौम्पियन वार्ड की सूचना फोटोग्राफ सहित सूचना / आख्या समस्त निकाय 03 नवम्बर तक उपलब्ध करायेंगे। निदेशक स्थानीय निकाय ने साफ किया है कि 30 और 31 अक्टूबर को छठ पूजा के दिनों में जनमानस और आगंतुकों के लिए घाटों की साफ–सफाई सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। दिन में न्यूनतम दो बार घाटों की समुचित साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। पूजा घाटों के आस–पास समुचित साफ–सफाई व्यवस्था करायी जाए।



निकायों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि छठ पूजा के दौरान ठोस अपशिष्ट का प्रवाह नदियों के जल में न हो। छठ पूजा घाटों के आस–पास कोई खुला डम्पिंग स्थल न हो। स्वच्छता एवं साफ–सफाई के संबंध में जागरूकता सम्बंधी निर्देश बोर्ड पर लगाया जाए। घाट के पास मोबाइल टॉयलेट / पोर्टेबल टॉयलेट लगाये जायेगें एवं इससे सम्बंधित संदेश के बोर्ड भी स्थल पर स्थापित कराए जाएं। घाट के आस–पास कचरा संवेदनशील स्थलों की पहचान करते हुए उनकी सुन्दरता के लिए वृक्षारोपण आदि के माध्यम से सौन्दर्यीकरण कराया जाए। यह व्यवस्था भी करनी होगी – निकायों द्वारा घाट व पूजा स्थलों पर समुचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। – हरे और नीले रंग के कूड़ेदान को घाटों के आस–पास रखा जाए। – घाटों के आस–पास रेड स्पॉट (वह स्थान जहां लोग थूकते हैं) होने की स्थिति में निकायों द्वारा इनका चिन्हांकन किया जायेगा व वहां पर चेतावनी संदेश स्थापित कराया जाए। – निकायों द्वारा घाट व पूजा स्थलों के आस–पास स्टॉल की स्थापना की जायेगी।

## निकाय अधिकारी सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण करें : लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो – श्री ए0के0 शर्मा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊः नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने दीपावली के बाद एवम् आगामी छठ पर्व के दृष्टिगत निकायों में साफ–सफाई, जलभराव, सड़कों व रास्तों के गड्ढामुक्ति, डेंगू एवं संचारी रोग की रोकथाम की आज सुबह वर्चुअल समीक्षा की। श्री ए0के0 शर्मा ने दीपावली के बाद की सफाई व्यवस्था को पहले जैसे ही चाक चौबंद रखने के लिए निकाय अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश। पहले की अपेक्षा निकायों की निरन्तर बेहतर साफ सफाई हो, इस पर पूरे मनोयोग व व्यवस्थित तरीके से कार्य करने के निर्देश। निकाय अधिकारी सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण करें, लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होः– श्री ए0के0 शर्मा श्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि सभी निकाय छठ पर्व पर घाटों की चाक चौबंद साफ – सफाई व पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के साथ सुरक्षा के विशेष इंतजाम सुनिश्चित करें। नदियों में फूल माला, फलों व अर्पित सामग्री के प्रवाह को रोकने के लिए जलधारा में अर्पण कलश बनवाए जाएं। श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए जलधारा में बैरिकेडिंग कराई जाए। छठ पर्व पर महिलाओं को असुविधा न हो, इसके लिए सभी स्थलों पर चेंजिंग रूम बनाए जाएं। सामुदायिक शौचालयो व मोबाइल टॉयलेट की 24X7 घंटे सफाई कराई जाए।



डेंगू व मच्छर जनित बीमारियों, संचारी रोग की रोकथाम के लिए शहरों में जलभराव को खत्म करें, एंटी लार्वा का छिड़काव करें तथा फागिंग कराएं। लोगों को आने जाने में परेशानी न हो, इसके लिए सड़कों व रास्तों को शीघ्र गड्ढा मुक्त कराया जाए। मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने धार्मिक स्थलों पर विशेष साफ – सफाई व प्रकाश एवम् सुरक्षा की व्यवस्था तथा शौचालयों की सफाई पर पूरा जोर दिया जाए। मंत्री जी द्वारा की गई आज की वर्चुअल समीक्षा में डायरेक्टर स्थानीय निकाय सुश्री नेहा शर्मा, सभी नगर निगमों के नगर आयुक्त, नगर पालिका परिषदो व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी, DCCC/ 1533/IGRS के अधिकारी जुडे थे।

## लखनऊ में डेंगू का कहर : तीन दिन में मिले डेंगू के 52 मरीज : कई सरकारी व निजी अस्पताल में भर्ती

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में डेंगू का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। बीते तीन दिनों में अलग–अलग इलाकों से डेंगू के 52 मरीज मिले हैं। इसमें से कई सरकारी व निजी अस्पताल में भर्ती हैं। जिन इलाकों से डेंगू मरीज मिले हैं वहां एंटीलार्वा के छिड़काव संग फॉगिंग भी कराई जा रही है। सीएमओ प्रवक्ता योगेश ने बताया कि बीती 24 अक्तूबर को डेंगू के 17 मरीज मिले थे। इसमें सिल्वर जुबली इलाके में 2, चंदननगर में 5, अलीगंज में 4, इंदिरानगर में 3 व चिनहट में 2, एनके रोड पर एक मरीज मिला। 25 अक्तूबर को डेंगू मरीजों का आंकड़ा कुछ कम हुआ। 14 डेंगू रोगी पाए गए। चंदननगर में 4, सिल्वर जुबली में 2, इंदिरानगर में 3, चिनहट में 2, टूडियागंज में 2, अलीगंज में 1 में केस मिला। बुधवार को डेंगू मरीजों का आंकड़ा फिर बढ़ गया। अलग–अलग इलाकों में 21 डेंगू मरीज मिले, जिसमें चंदननगर में 3, सिल्वर जुबली में 2, इंदिरानगर में 3, चिनहट में 3, टूडियागंज में 2, अलीगंज में 2, सरोजनीनगर में 3, मोहनलालगंज में 2, एनके रोड में 1 केस पाए गए। टीम के जरिये 415 घरों एवं आसपास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया। तीन घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर उन्हें नोटिस जारी किया गया। सुल्तानपुर में 24 घंटे में 348 की जांच, 55 डेंगू पॉजिटिव सुल्तानपुर जिले में एक माह के दौरान डेंगू की चपेट में आकर नौ लोगों की मौत तक हो चुकी है। लगातार बिगड़ रही स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य व मलेरिया विभाग के अधिकारी इसकी रोकथाम की कवायद में जुटे हैं। इसके चलते ही बुधवार को शहर के लाला का पुरवा और करौंदिया मोहल्ले में कैंप लगाकर हुई 180 बुखार पीड़ितों की जांच



में 17 में डेंगू की पुष्टि हुई। जिला अस्पताल में भी दो दिनों में पैथोलॉजी में जांचे गए 168 बुखार पीड़ितों के रक्त नमूनों में से 38 की डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। पॉजिटिव मरीजों के सैंपल अब एलाइजा जांच के लिए भेजे गए हैं। 24 घंटे में ही डेंगू के 55 केस मिलने के बाद चेते स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित इलाकों में बुखार पीड़ितों की जांच व बचाव की जागरूकता के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की टीमों को भेजा है। डेंगू से सभासद के पति समेत दो की मौत बाराबंकी जिले में 24 घंटे में डेंगू से सभासद के पति समेत दो और लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक नए मरीज मिले हैं। जिला अस्पताल में डेंगू वार्ड फुल हो गया है। मरीजों को जमीन पर लिटाकर इलाज किया जा रहा है। कई मरीजों का इलाज निजी अस्पतालों में चल रहा है। सीएचसी में डेंगू मरीजों के इलाज की कोई व्यवस्था ही नहीं है। जिले में डेंगू से अब तक सात लोगों की जान जा चुकी है। अयोध्या जिले में गोसाईगंज में आधा दर्जन मोहल्ले के 12 से ज्यादा निवासी डेंगू की चपेट में आकर गंभीर रूप से बीमार है। जिले में डेंगू से पीड़ित मरीजों की संख्या हुई 98 अंबेडकरनगर जिले में डेंगू का प्रकोप कम होता नहीं दिख रहा है। बुधवार को डेंगू से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़कर 98 हो गई जबकि मलेरिया से पीड़ित तीन मरीज सामने आए। इन सभी का इलाज उनके घर पर ही चल रहा है। इस बीच स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान चलाकर ग्रामीणों को डेंगू के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही साफ–सफाई पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## पीयू में प्री–आर.डी. परेड हेतु कल होगा चयन शिविर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के संरक्षकत्व में गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड के लिए विश्वविद्यालय परिसर में प्री– आर.डी. परेड 2022 हेतु चयन शिविर का आयोजन 28 अक्तूबर 2022 को किया गया है। जिसमें सभी महाविद्यालयों की इकाइयों से स्वयंसेवक /स्वयंसेविकाओं को प्री–आर.डी. परेड चयन शिविर में शामिल होने के लिए निर्देश दिया गया है। क्षेत्रीय निदेशक, डॉ. अशोक कुमार श्रोती ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय को पत्र जारी करते दिनांक 28 अक्टूबर 2022 को चयन प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में 28 अक्तूबर 2022 को प्रातः10:00 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना भवन एवं एकलव्य स्टेडियम, विश्वविद्यालय परिसर में प्री–आर.डी. परेड के लिए विश्वविद्यालय स्तरीय चयन शिविर का आयोजन किया गया है। शारीरिक रूप से स्वस्थ वे स्वयंसेवक जिनकी ऊंचाई 165–180 सेंटीमीटर तथा स्वयंसेविका जिनकी ऊंचाई 155–170 सेंटीमीटर हो,सांस्कृतिक कार्यक्रम यथा गायन,भाषण में दक्ष हों तथा परेड( 20 मिनट तक ) दौड़(1.5



किलोमीटर 10 मिनट में )आदि मापदंड को पूर्ण करते हों प्रतिभाग कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया में स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओ को सभी मापदंडों से गुजरना होगा। जिन महाविद्यालयों में एक से अधिक इकाईयां है उनके अधिकतम दो स्वयंसेवक(एक छात्र एवं एक छात्रा)को ही प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा, इसका ध्यान रखते हुए कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए चयन शिविर में स्वयंसेवको का प्रतिभाग सुनिश्चित करन का कष्ट करें। इस बारे में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव ने बताया कि 28 अक्टूबर 2022 को सुबह 10:00 शुरू होने वाली चयन शिविर में सभी कालेजों को सूचना दे दी गई है और परिसर में ही चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। यहां से चयनित स्वयंसेवक राज्य स्तरीय दस दिवसीय चयन शिविर 12 नवम्बर 2022 से 21 नवम्बर 2022 तक गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय विलासपुर, छत्तीसगढ़ में शामिल होगे।

## नाले में सफाई के दौरान अज्ञात शव मिलने से मचा हड़कंप : दो घंटे बाद पुलिस ने की पहचान

मेरठ ब्यूरो : मेरठ के लिसाड़ीगेट थानाक्षेत्र में आज सुबह नाले की सफाई के दौरान नाले में पड़े शव को देखकर सफाईकर्मियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल कर शव को नाले से बाहर निकलवाया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शव की पहचान कराई। बताया गया कि मृतक लिसाड़ीगेट निवासी सुहैल है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी, जिस पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मेरठ के लिसाड़ीगेट थानाक्षेत्र में आज सुबह आशियाना कॉलोनी में हरि के पुल के नजदीक नाले की सफाई के दौरान अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव देखकर राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर सीओ कोतवाली लिसाड़ी गेट पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल कराकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस के अनुसार लिसाड़ीगेट इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह हरि के पुल पर नाले के पास निगम की टीम नाले की सफाई कर रही थी। इसी दौरान नाले में शव देखकर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। मौके पर निकट पुलिस ने राहगीरों की मदद से शव को बाहर निकालकर उसकी



पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। बताया कि करीब दो घंटे बाद शव की पहचान सुहैल (36) पुत्र मोहम्मद अयूब निवासी आशियाना कॉलोनी थाना लिसाड़ीगेट मेरठ के रूप में हुई। वहीं जांच पड़ताल में सामने आया कि मृतक नशे का आदी था। वहीं शव मिलने की सूचना पर एसपी सिटी पीयुष सिंह ने बताया कि मृतक सुहैल एक सप्ताह से अपने घर नहीं गया था। परिजनों को भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कोई कार्रवाई की जाएगी।

## सोतीगंज के कबाड़ियों की 50 करोड़ की प्रॉपर्टी चिन्हित : जल्द होगी बड़ी कार्यवाही

मेरठ ब्यूरो : मेरठ के सोतीगंज बाजार में फिर से चोरी–लूट के वाहन या पार्ट्स बेचने की कोशिश करने वाले कबाड़ियों पर पुलिस शिकंजा कसने वाली है। गैंगस्टर के आरोपी बनाए गए कबाड़ियों की करीब 50 करोड़ कीमत की प्रॉपर्टी चिह्नित की गई है। जिन कबाड़ियों ने चोरी–लूट के वाहनों को काटकर धन अर्जित किया है, उनका पता लगाया जा रहा है। जांच में सामने आया कि कबाड़ियों ने रिश्तेदारों के नाम संपत्ति की हुई है। सोतीगंज के कबाड़ियों पर कार्रवाई लगातार चल रही है। सोतीगंज के सभी कबाड़ियों का रिकार्ड बनाया जा रहा है और जल्द ही पुलिस–प्रशासन उनकी प्रॉपर्टी को लेकर कार्रवाई शुरू करने जा रहा है। मेरठ के तत्कालीन एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने पूरे सोतीगंज की दुकानों को नोटिस देकर बंद कराया था। इस दौरान 100 से ज्यादा मुकदमे किए गए। इस दौरान हाजी गल्ला और उसके परिवार पर शिकंजा कसा गया। दूसरी ओर हाजी इकबाल, राहुल काला, इरफान समेत कई पर गैंगस्टर लगाई गई। कुल मिलाकर अभी तक 150



करोड़ से ऊपर की प्रॉपर्टी को मेरठ पुलिस और प्रशासन कुर्क कर चुका है। मेरठ पुलिस ने इसके अलावा भी छानबीन जारी रखी और अभी हाल फिलहाल में कुछ नई प्रॉपर्टी चिह्नित की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि करीब 50 करोड़ रुपये की कीमत की नई प्रॉपर्टी को खोजकर निकाला गया है, जो कबाड़ियों के परिजनों और रिश्तेदारों के नाम पर है। पुलिस की ओर से नोटिस भेजा जाएगा। गैंगस्टर के तहत प्रॉपर्टी को कुर्क कराने की कार्रवाई की जाएगी। सीओ सदर कैंट रूपाली राय चौधरी का कहना है कि कबाड़ियों को नोटिस भेजकर उनकी संपत्ति के बारे में जानकारी मांगी जाएगी।

## पूर्व विधायक दीपनारायण समेत 19 पर गैंगस्टर की कार्यवाही : कई थानों में मुकदमे दर्ज

झांसी ब्यूरो : कुख्यात लेखराज सिंह यादव को पुलिस कस्टडी से छुड़ाने की कोशिश करने के मामले में सपा के पूर्व गरौठा विधायक दीपनारायण सिंह यादव जेल में बंद हैं। इस मामले में उन पर नवाबाद थाना, मोंठ थाना, जालौन के एट तथा तथा कन्नौज के गुरसहायगंज थाने में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। अब पूर्व विधायक के खिलाफ नवाबाद थाने में गिरोहबंद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इस मुकदमे में पूर्व विधायक दीपनारायण के अलावा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मीरा राय के पति विष्णु राय को भी आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा कुख्यात लेखराज सिंह यादव, बृजेंद्र कुमार यादव, धीरेंद्र पाल, मलखान शिवहरे, रहीस प्रसाद यादव, सुरेंद्र कुमार, अंकित बसारी, अमित यादव उर्फ गुड्डा, वहीद खान, बृजेंद्र सिंह उर्फ शत्रुघभन सिंह, जवाहर लाल, रितुराज सिंह, रंजीत राय, दीनदयाल कुशवाहा, अनिल यादव उर्फ मामा तथा मुकेश कुमार के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

## गड़बड़झाले के फेरों में फंसी 102–108 एंबुलेंस सेवा

अलीगढ़ ब्यूरो : पिछले दिनों किए गए 102–108 सेवा की एंबुलेंसों के फेरों के सत्यापन में गड़बड़झाले की बू आ रही है। फरवरी, मार्च व अप्रैल माह की सत्यापन रिपोर्ट में सबकुछ ठीक–ठाक बताया गया है। रिपोर्ट में सीएचसी अधीक्षकों के हस्ताक्षर हैं। मगर अतिरिक्त निदेशक स्वास्थ्य (एडी हेल्थ) ने जब इसके सत्यापन के लिए कराने के लिए सीएचसी अधीक्षकों से ब्योरा तलब किया गया तो उन्होंने इस बात का खुलासा किया कि रिपोर्ट पर उनके फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। जांच के बाद विस्तृत रिपोर्ट निदेशालय को भेजी जाएगी। पिछले दिनों शासन के निर्देश पर प्रदेश भर में एंबुलेंसों के फेरों की जांच कराई गई। जिसमें जानकारी संकलित की गई कि एंबुलेंसों ने कितने फेरे प्रतिदिन किए हैं। कॉलर का मोबाइल नंबर व आधार कार्ड सहित कहां से कहां तक किस बीमारी पर फेरा लगाया गया है। इस पर जिला वार एंबुलेंस कोआर्डिनेटरों के स्तर से रिपोर्ट स्वास्थ्य महकमे को पेश की गई। अपने जिले में भी यह रिपोर्ट दी गई, जिसमें सब कुछ ठीक–ठीक दर्शाया गया। उदाहरण के तौर पर अपने जिले के जवां सीएचसी से फरवरी माह में कुल 618 लाभार्थियों को लाभ देना दर्शाया, जिसमें 611 का मिलान होना बताया गया। इनमें से 607 के आधार कार्ड का मिलान दर्शाया गया, 608 के मोबाइल नंबर का मिलान दर्शाया गया। जिले भर में लगभग यह रिपोर्ट एक जैसी आई। इस पर एडी हेल्थ वीके सिंह ने संदेह दर्शाया। इसी संदेह के क्रम में एडी ने जिले से क्रास सत्यापन के लिए नोडल अधिकारी से सीएचसी वार ब्योरा मांगा। इस पर अधिकांश सीएचसी अधीक्षकों ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख किया है कि जो ब्योरा उनके हस्ताक्षरयुक्त पूर्व में भेजा गया है। वह उनकी ओर से न तो सत्यापित है और न उस पर उनके हस्ताक्षर हैं। इतना ही नहीं, यहां तक लिखा गया है कि इस रिपोर्ट का मिलान उनके अस्पताल के रिकार्ड से भी नहीं हो रहा है। इधर, इस मामले में अब जिलाधिकारी स्तर पर भी शिकायत की गई है। – हम इसमें जांच कराने की तैयारी कर रहे हैं। जिलाधिकारी तक भी इसकी शिकायत पहुंची है। इसका क्रास सत्यापन के साथ–साथ विस्तार से जांच कराई जाएगी। किस स्तर से गड़बड़ी हुई है। किसने गलत रिपोर्ट दी है। यह सब इस जांच का हिस्सा होगा। इसके बाद विस्तृत रिपोर्ट निदेशालय को भेजी जाएगी। आगे की कार्रवाई वहीं से तय होगी।–डा.वीके सिंह, एडी हेल्थ तेल और भत्ता चोरी का है इसके पीछे खेल फेरे अधिक दिखाकर एंबुलेंस में खर्च होने वाला तेल और फेरे से जुड़ा भत्ता हड़पने का खेल इसकी मूल वजह है। यही शिकायतें शासन स्तर पर पहुंची थीं। तभी इसकी जांच के आदेश हुए थे। मगर जिले में सब कुछ ठीक दर्शाकर इस चोरी पर पर्दा डालने का प्रयास किया गया है। इससे साफ है कि एंबुलेंस की आड़ में किस तरह से कितनी चोरी की गई होगी।

## डीजे पर डांस के दौरान चाकू से हमला : युवक की मौत

सिद्धार्थनगर ब्यूरो : सिद्धार्थनगर जिले के सदर थाना क्षेत्र के बेलहिया मंदिर के पास बुधवार रात तकरीबन तीन बजे मूर्ति विसर्जन के बीच डीजे पर डांस कर रहे एक युवक पर किसी ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की छानबीन जारी है, घटना की जानकारी मिलते ही आला अधिकारी



रात में ही मौके पर पहुंच गए थे। क्षेत्र के मुडिला गांव निवासी राहुल वर्मा 18 वर्ष पुत्र सुरेश वर्मा गांव से निकल रही मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के लिए जमुआर नाले पर जा रहा था। मूर्ति के साथ डीजे पर डांस चल रहा था। एक के बाद एक कई डोले साथ में थे। रात तकरीबन तीन बजे ढोला बबेलहिया मंदिर के पास पहुंचा था। डीजे पर डांस चल रहा था। इसी बीच किसी ने राहुल पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद मौके पर भगदड़ मच गई। जानकारी मिलते ही जेल चौकी प्रभारी शशांक कुमार सिंह, सदर कोतवाल तहसीलदार सिंह मौके पर पहुंच गए। उसके बाद उसे जिला अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं हमला किसने किया और कब किया, यह पता नहीं चल सका है। रात में ही सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शहर कोतवाल तहसीलदार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच गए थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। किस ने हमला किया इसकी जांच चल रही है। जल्दी हमला करने वाला पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## पटाखों ने खूब खराब की वातावरण की सेहत : प्रदूषण स्तर तीन गुना हुआ खराब

गोरखपुर ब्यूरो : दिवाली की रात आकाश में पटाखों की रंग बिरंगी आतिशबाजी की मनमोहक छटा ने भले ही मन को खुश कर दिया हो, लेकिन वातावरण का सेहत काफी बिगाड़ दिया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की



तरफ से मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) से मिले आंकड़ों के मुताबिक, दिवाली के अगले दिन ही नहीं, उसके एक दिन बाद तक शहर की हवा की गुणवत्ता काफी खराब रही। एयर क्वालिटी इंडेक्स तो खतरनाक स्तर तक जा पहुंचा। दिवाली के पहले जहां एक्यूआई 94 था, दिवाली के अगले दिन 160 पहुंच गया। इसके बाद 231 दर्ज किया गया। दिवाली के पहले कुछ यूं रहा एयर क्वालिटी इंडेक्स ( 24 अक्तूबर) एयर क्वालिटी इंडेक्स 94 पोल्यूटेंट्स मिनिमम एवरेज मैक्सिममपीएम 2.5 45.0 94.0 328.0 पीएम 10 37.0 70.0 143.0 नाइट्रोजन ऑक्साइड 2.0 2.0 2.0 अमोनिया 1.0 1.0 1.0 सल्फर डाइऑक्साइड 48.0 50.0 51.0 कार्बन मोनोऑक्साइड 10.0 19.0 34.0 ओजोन 3.0 22.0 34.0।

## एएमयू के पूर्व छात्र और साथी पर फायरिंग करने वाले पांचों रंगबाज बाइकर्स गिरफ्तार

अलीगढ़ ब्यूरो : महानगर के रामघाट रोड इलाके में मंगलवार की रात एएमयू के पूर्व छात्र व उसके साथी को गोली मारकर जख्मी करने के आरोपी पांचों रंगबाज पुलिस की गिरफ्त में आ गए हैं। घटना के बाद 20 घंटे के अंदर पुलिस ने इन सभी की गिरफ्तारी कर ली। वहीं इस घटनाक्रम में इलाकाई पुलिस की शिथिलता पर तगड़ी कार्रवाई करते हुए एसएसपी स्तर से इंस्पेक्टर क्वार्सी व चौकी प्रभारी रामघाट रोड को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही सेंटर प्वाइंट चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया है। इधर, रात हुए इस घटनाक्रम में जख्मी दोनों युवकों का अभी उपचार चल रहा है। इसमें से एक की हालत खतरे से बाहर है, जबकि दूसरे पर चिकित्सक लगातार नजर बनाए हुए हैं। इस घटना के बाद मंगलवार की रात में ही सीसीटीवी फुटेज की मदद से सभी आरोपियों को चिह्नित कर पुलिस ने धरपकड़ अभियान शुरू कर दिया था। बुधवार की शाम तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस को सफलता मिल गई। स्वर्ण जयंती नगर निवासी कमल शर्मा का छोटा बेटा एएमयू का पूर्व छात्र कुशाग्र उर्फ सीपू और उसका दोस्त शहर के नामचीन मिठाई कारोबारी राजीव जलाली निवासी हरिओम नगर का बेटा शुभम आपस में दोस्त हैं। यह दोनों व अन्य दोस्त मंगलवार की रात सेंटर प्वाइंट में सिटी सेंटर मॉल के सामने खड़े थे, तभी रंगबाज युवकों से उनका झगड़ा हुआ। वहां विवाद के बाद दोनों पक्ष वहां से चले गए, मगर बाद में कुशाग्र और शुभम आदि को फिर से रामघाट रोड पर मैक्सफोर्ट अस्पताल के पास हमलावरों ने घेर लिया और फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में कुशाग्र के सीने और शुभम के पैर में गोली लगी। दोनों घायलों को तत्काल जेएन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इधर, खबर पर हरकत में आई पुलिस ने मौका मुआयना किया। एसएसपी स्तर से तीन टीमों को गिरफ्तारी व पड़ताल में लगाया गया। रात में ही सीसीटीवी की मदद से फायरिंग के मौके पर हमले में शामिल कुणाल ठाकुर उर्फ केडी निवासी चंपा विहार कॉलोनी–सुरेंद्र नगर, जय यादव निवासी देवी नगला महुआखेड़ा, प्रियांशु शर्मा निवासी नीलकंठ कॉलोनी–क्वार्सी, मुकुल शर्मा निवासी कुलदीप विहार, महुआखेड़ा के नाम सामने आए।





वहीं इनके साथ सेंटर प्वाइंट वाले झगड़े में किशनपुर के विशाल यादव का नाम भी आया। सीओ तृतीय श्वेताभ पांडेय के अनुसार रात से लेकर बुधवार की शाम तक चले प्रयास के बाद पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनसे हमले में प्रयुक्त मुकुल की बुलट बाइक, प्रियांशु की स्कूटी व दो तमंचे आदि बरामद हुआ है। टशन में गाली–गलौज ने कराया हमला सीओ श्वेताभ पांडे के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकारा है कि घायल युवकों का हमलावर गुट से सिटी सेंटर मॉल के सामने विवाद हुआ। दोनों पक्ष वहां खड़े थे। हमलावर पक्ष ने रंगबाजी में गालीगलौज शुरू की। इस पर कुशाग्र व शुभम ने विरोध किया। इस बात पर वहां झगड़ा हुआ, मगर शांत हो गया। इस पर कुशाग्र पक्ष वहां से चला आया। मगर हमलावर पक्ष ने इन्हें सबक सिखाने के इरादे से घेरना शुरू कर दिया। अपने अन्य साथी भी बुला लिए। इसी बीच कुशाग्र पक्ष मैक्सफोर्ट के पास अंडे की ढकेल पर खड़े थे, तभी हमलावर वहां आ गए और घटना को अंजाम दे डाला। इस दौरान प्रियांशु की गोली से शुभम व कुणाल की गोली से कुशाग्र जख्मी हुआ। इन दोनों पर पहले से अपराध दर्ज हैं। प्रियांशु ने बीटेक अधूरा छोड़ दिया था, जबकि कुणाल प्रापर्टी डीलिंग का धंधा करना बताता है। इसी तरह जय यादव भी प्रापर्टी डीलर परिवार से ताल्लुक रखता है, जबकि मुकुल के पिता सेवानिवृत्त फौजी हैं। त्योहार पर उचित सतर्कता न बरतने पर पुलिस पर कार्रवाई एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि चूंकि त्योहार पर पहले से पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश थे। इस मामले में यह साफ हुआ कि सेंटर प्वाइंट पर पहले दो पक्षों में झगड़ा हुआ और वहां के चौकी प्रभारी को खबर तक नहीं लगी। अगर वहीं खबर लगती तो शायद नौबत यहां तक न आती। इस पर सेंटर प्वाइंट चौकी प्रभारी नकुल चौधरी को लाइन हाजिर किया गया है। वहीं अपने क्षेत्र में सतर्कता के अभाव में इंस्पेक्टर क्वार्सी संजय जायसवाल व रामघाट रोड चौकी प्रभारी पंकज चौहान को निलंबित किया गया है।

## हिस्ट्रीशीटर मेराजुल हक की हत्या करने के आरोपियों पर गैंगस्टर : पीटकर उतारा गया था मौत के घाट

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के गोरखनाथ थाना क्षेत्र के जामिया नगर में 25 जुलाई 2022 की शाम हिस्ट्रीशीटर मेराजुल हक की पीटकर हत्या करने के आरोपियों पर गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम की संस्तुति के बाद बुधवार को केस दर्ज किया गया। मेराजुल गोरखनाथ थाने का पुराना हिस्ट्रीशीटर था। वर्तमान में सभी आरोपी जेल में बंद है। जानकारी के मुताबिक, पुराना गोरखपुर मोहल्ले में इमामाबाड़ा के पास का रहने वाला मेराजुल सवेरा मैरिज हाउस संचालित करता था। 24 जुलाई को को ग्रीन सिटी के पास स्थित सेंट जोसेफ स्कूल के पास अपनी भूमि पर निर्माण करवा रहा था। इसी दौरान उसे पीटकर घायल कर दिया गया था। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद और जांच के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अब सभी पर प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह की तहरीर पर पुलिस ने गैंगस्टर का केस दर्ज किया है। इनके खिलाफ दर्ज हुआ केस पुराना गोरखपुर निवासी मोहम्मद साहिद उर्फ राजू, मोहम्मद हासिम पुत्र साहिद उर्फ राजू, तौसिफ आलम, महताब आलम, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद सहनवाज, मोहम्मद शादाब, मोहम्मद सफी, मोहम्मद रफी, अशहर खान , सूर्यविहार कॉलोनी फैसल, अशफाक पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि पुलिस बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में गोरखनाथ पुलिस ने हत्या के अभियुक्तों पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। चार लुटेरों पर गैंगस्टर व पांच पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई खोराबार पुलिस ने चार लुटेरों पर गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। वहीं, कैंट पुलिस ने पांच



बदमाशों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक खोराबार कल्याण सिंह सागर ने बताया कि इलाके में लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले नितेश व अन्य सदस्यों पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई है। बताया कि गैंग का लीडर नितेश पासवान निवासी रामनगर कडजहा धोबी तोला का रहने वाला है। उसपर व उसके साथियों रुद्रापुर निवासी रामअशीष निषाद, रमेश साहनी निवासी रामनगर कडजहा और रवि निषाद निवासी रामनगर कडजहा पर गैंगेस्टर लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि पुलिस ने इलाके में मारपीट, चोरी व लूट करने वाले सूरज पासवान निवासी एफसीआई रेलवे क्रासिंग नन्दानगर जो वर्तमान में आदर्श नगर सिंघड़िया पर रहता है, विपुल कुमार निवासी बेतियाहाता दक्षिणी, दीपक साहनी निवासी मोहद्दीपुर प्रभातगली, अमित कुमार निवासी एफसीआई रेलवे क्रासिंग और उज्जवल सिंह निवासी पीडब्लूडी कालोनी निकट कचहरी बस स्टैंड व अनुज कुमार निवासी बेतियाहाता दक्षिणी के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

## सैनिक की पत्नी की मौत मामले में भाभी से पूछताछ : नहीं मिला सुराग

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के कैंट इलाके की आवास विकास कॉलोनी कूड़ाघाट में सैनिक की पत्नी शिल्पी की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपों से घिरी शिल्पी के भाभी से पूछताछ की है। लेकिन, पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला। वहीं, पुलिस ने मकान मालिक और एक अन्य युवक से भी जानकारी ली है। इन लोगों का कहना है कि उन्होंने कोई शोरशराबा नहीं सुना। न मारपीट होते देखी है। जानकारी के मुताबिक, 22 अक्तूबर की रात में गोवा में तैनात सेना के जवान उमेश शर्मा की पत्नी शिल्पी की संदिग्ध हाल में मौत हो गई थी। 24 अक्तूबर की सुबह उमेश गोरखपुर पहुंचे। परिजन व रिश्तेदारों से घटना की जानकारी लेने के बाद पुलिस अधिकारियों से उन्होंने फोन पर बात की। उमेश का आरोप है कि बंगलुरु में रहने वाले उनके साले अंगद का उनकी पत्नी काजल से विवाद चल रहा है। काजल ने ही अपने परिजन, मित्र और मकान मालिक की मदद से शिल्पी की हत्या करा दी। साजिश के तहत हत्या को हादसे का रूप दिया जा रहा है। मामले की छानबीन कर रही है कैंट थाना पुलिस आवास विकास कॉलोनी की तरफ जाने वाले रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी है। शिल्पी की भाभी ने दर्ज कराया है केस मामले में शिल्पी के पिता ने अपनी बहू और उसके घरवालों पर आरोप लगाया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि आरोप लगाने वाले पिता की बहू ने उनके और परिजनों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। यही वजह है कि पुलिस इसे क्रास केस होने से जोड़कर देख रही है। फिलहाल, पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। इन वजहों से हादसा मान रही पुलिस शरीर पर झुलसने के निशान, घर की बालकनी के बगल से गुजरे हैं बिजली के तार। शरीर पर चोट, घर के पास ही नीचे गिरी मिली थी महिला। घर में सोई दो बेटियों को अगली सुबह मां की मौत की हुई जानकारी। आसपास के सीसीटीवी कैमरों में कोई संदिग्ध नजर नहीं आ रहा। नीचे रहने वाले किराएदारों ने भी किसी जोर जबरदस्ती की आवाज नहीं सुनी।

# मुस्लिमों के ज्ञानवापी प्रवेश पर रोक की मांग पर ऑर्डर आज : 15 अक्तूबर को हुई थी हिंदू–मुस्लिम पक्ष की बहस

वाराणसी ब्यूरो : ज्ञानवापी मामले के एक अहम केस पर आज वाराणसी कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी। मामला भगवान आदि विश्वेश्वर से जुड़ा है। भगवान आदि विश्वेश्वर के विराजमान का मामला सुनवाई योग्य है या नहीं इस पर आज यानि शुरुवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन महेंद्र प्रसाद पांडेय की फास्ट ट्रैक कोर्ट में फैसला आ सकता है। बता दें कि मामले पर हिंदू और मुस्लिम पक्ष की बहस 15 अक्तूबर को हुई थी। बहस के बाद कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 27 अक्तूबर यानि आज की नियत की थी। 15 अक्तूबर को अदालत में लॉर्ड आदि विश्वेश्वर के नेक्स्ट फ्रेंड किरन सिंह की तरफ से मानबहादुर सिंह, शिवम गौड़ और अनुपम द्विवेदी ने दलीलें पेश की। वरिष्ठ अधिवक्ता मानबहादुर सिंह ने कहा कि वाद सुनवाई योग्य है या नहीं, इस मुद्दे पर अंजुमन इंतजामिया की तरफ से जो भी मुद्दा उठाया गया है वह साक्ष्य व ट्रायल का विषय है। हिंदू पक्ष बोला– मस्जिद है या मंदिर ट्रायल से पता चलेगा कहा कि पिलर और फाउंडेशन मंदिर का है। जब ट्रायल होगा तभी पता चलेगा कि वह मस्जिद है या मंदिर। दीन मोहम्मद के फैसले के जिक्र पर कहा कि कोई हिंदू पक्षकार उस मुकदमे में नहीं था। इसलिए हिंदू पक्ष पर लागू नहीं होता है। यह भी दलील दी कि विशेष धर्म स्थल स्थल विधेयक 1991 इस वाद में प्रभावी नहीं है। स्ट्रक्चर का पता नहीं कि मंदिर है या मस्जिद। जब ट्रायल होगा तभी पता चलेगा कि मस्जिद है या मंदिर जिसके ट्रायल का अधिकार सिविल कोर्ट को है। कहा कि ऐतिहासिक तथ्य है कि औरंगजेब ने मंदिर तोड़ने और मस्जिद बनवाने का आदेश दिया था। वक्फ एक्ट हिंदू पक्ष पर लागू नहीं होता है, ऐसे में यह वाद सुनवाई योग्य है और अंजुमन की तरफ से पोषणीयता के बिंदु पर दिया गया आवेदन



खारिज होने योग्य है। साथ ही राइट टू प्रॉपर्टी के तहत देवता को अपनी प्रॉपर्टी पाने का मौलिक अधिकार है। ऐसे में नाबालिग होने के कारण वाद मित्र के जरिये यह वाद दाखिल किया गया है। भगवान की प्रॉपर्टी है तब माइनर मानते हुए वाद मित्र के जरिये क्लेम किया जा सकता है। स्वीकृति से मालिकाना हक नहीं हासिल होता है। यह बताना पड़ेगा कि संपत्ति कहां से और कैसे मिली। अदालत में वाद के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट की 6 रूलिंग और संविधान का हवाला भी दिया गया। मुस्लिम पक्ष ने उठाए सवाल वहीं मुस्लिम पक्ष यानि अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से अधिवक्ता मुमताज अहमद, तौहीद खान, रईस अहमद, मिराजुद्दीन खान और एखलाक खान ने कोर्ट में प्रतिउत्तर में सवाल उठाए। कहा कि जब देवता की तरफ से मुकदमा किया गया तब वादी पक्ष की तरफ से पक्षकार 4 और 5 विकास शाह और विद्याचन्द्र कैसे वाद दाखिल कर सकते हैं। कहा कि वादी पक्ष आराजी संख्या 9130 के एक बीघा, 9 विस्वा 6 धूर के खसरा को गलत बता रहा है। तब यह वाद कैसे विश्वसनीय माना जाए।

# बुखार में सिर्फ दवा दुकानों पर मिलेगी पेरासिटामॉल : दवा की दुकानों पर नोटिस चस्पा

प्रयागराज ब्यूरो : पिछले एक महीने से अधिक समय से डेंगू और वायरल का प्रकोप लगातार बना हुआ है। डेंगू के कारण कई मरीजों की जान भी जा चुकी है। इसके पीछे बड़ा कारण है कि लोग बुखार होने पर खुद से ही मेडिकल स्टोर पर पहुंचकर अपने हिसाब से दवाओं और एंटीबायोटिक खरीदकर उसका सेवन करते रहे हैं। इसी को देखते हुए शासन के निर्देश पर मेडिकल स्टोर संचालकों को बुखार में सिर्फ पेरासिटामॉल देने का ही निर्देश दिया गया है। निर्देश के बाद से शहर में दवा की दुकानों पर नोटिस चस्पा किए गए हैं। जिले में डेंगू और वायरल बुखार से पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। खासतौर पर शहरी इलाकों में इसकी संख्या सबसे अधिक है। ऐसे में अमूमन शुरूआत में लोग पेरासिटामॉल के साथ ही खुद से या दुकानदार के कहने पर एंटीबायोटिक लेने लगते लगते हैं। डॉक्टरों की माने तो चिकित्सक की सलाह के बगैर एंटीबायोटिक का प्रयोग करने से प्लेटलेट्स तेजी से गिरता है। ऐसे में खुद से डॉक्टर बनने की अपेक्षा चिकित्सक के परामर्श पर ही इन दवाओं का उपयोग करना चाहिए। सामान्य बुखार में भी पैरासिटामॉल का प्रयोग ही करें। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. आनंद सिंह का कहना है कि बुखार या डेंगू में देखा गया है कि एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग करने से प्लेटलेट्स बनना बंद हो जाता है या बेहद कम हो जाता है। इसके कारण शरीर में प्लेटलेट्स की संख्या तेजी से कम होती है। हाल में ही एक मरीज को सामान्य वायरल बुखार था, ऐसे में उसने




एंटीबायोटिक का सेवन शुरू किया। उसका प्लेटलेट्स तीन दिनों के भीतर 55 हजार पहुंच गया। इसके बाद उसे भर्ती कराना पड़ा। इसी कारण मरीजों को लगातार बताया जा रहा है कि डॉक्टर की सलाह के बगैर एंटीबायोटिक या इस प्रकार की दवाओं का सेवन न करें। हर व्यक्ति के शरीर की क्षमता अलग–अलग होती है। बुखार या डेंगू के मामले में बगैर चिकित्सक की सलाह लिए एंटीबायोटिक का प्रयोग नहीं करना चाहिए। कई बार इसका विपरीत परिणाम भी सामने आ जाता है। –डॉ. कमलेश सोनकर, एसआरएन मेडिसिन विभाग वायरल या डेंगू होने की स्थिति में मरीज को सामान्य बुखार की दवा का उपयोग करना चाहिए। चिकित्सक की परामर्श पर ही एंटीबायोटिक का प्रयोग करना चाहिए। – डॉ. नानक सरन, सीएमओ, प्रयागराज

# निकाय चुनाव : चार नवंबर तक साफ होगी वार्डों के आरक्षण की स्थिति

अलीगढ़ ब्यूरो : निकाय चुनाव के लिए भले ही अभी तारीखों का एलान नहीं हुआ है, लेकिन निर्वाचन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शासन ने डीएम से जिले में निकायों के वार्डों का आरक्षण तय करने के लिए चार नवंबर तक प्रस्ताव मांगा है। इसके बाद वार्डों में आरक्षण की स्थिति साफ हो जाएगी। जिला प्रशासन इसकी तैयारी में जुट गया है। जिले में निकायों की संख्या अब 19 हो गई है। इनके 338 वार्ड के लिए स्थानीय स्तर पर आरक्षण तय किया जाना है। शासन ने इसको लेकर आदेश जारी किया है, जिसमें सभी जिलों के डीएम से कहा गया है कि वार्डों का आरक्षण तय करते हुए इसकी जानकारी चार नवंबर तक नगर विकास विभाग को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। शासन से जारी आदेश के मुताबिक नए और सीमा विस्तारित होने की दशा में 50 फीसद से अधिक जनसंख्या बढ़ने पर वार्डों का आरक्षण नया मानते हुए किया जाएगा। आबादी के आधार पर इन्हें पहले अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित किया जाएगा। पुराने वार्डों का आरक्षण चक्रानुक्रम व्यवस्था के आधार पर ही किया जाएगा। आरक्षण के नियमों के अनुसार पहले अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए वार्ड आरक्षित किए जाएंगे। इसके बाद इसी वर्ग के पुरुषों के लिए श्रेणीवार वार्ड आरक्षित होंगे। इसके बाद वार्डों को अनारक्षित रखा जाएगा। पुराने निकायों में चक्रानुक्रम (रोटेशन) के आधार पर वार्डों का आरक्षण होगा। नए और सीमा विस्तार वाले निकायों के वार्डों का परिसीमन वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर करने का निर्देश मिले हैं। सहायक




जिला निर्वाचन अधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि 19 निकायों में कुल 221 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें नगर निगम में 90 वार्ड के लिये 159, नगर पालिका अतरौली में 25 वार्ड के लिए 13, खैर में 25 वार्ड के लिए 12, नगर पंचायत छर्रा में 15 वार्ड के लिये 06, बेसवां में 10 वार्ड के लिए 03, इगलास में 11 वार्ड के लिए 05, जट्टारी में 13 वार्ड के लिए 04, कौडियागंज में 11 वार्ड के लिए 05, जलाली में 13 वार्ड के लिए 06, पिलखना में 10 वार्ड के लिए 02, विजयगढ़ में 10 वार्ड के लिए 03, हरदुआगंज में 11 वार्ड के लिए 03, चंडौस में 11 वार्ड के लिए 05, पिसावा में 12 वार्ड के लिए 07, गभाना में 15 वार्ड के लिए 07, मडराक में 15 वार्ड के लिए 08, बरौली में 14 वार्ड के लिए 08, टप्पल में 13 वार्ड के लिए 06, जवां सिकन्दरपुर में 14 वार्ड के लिए 10 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 18 अक्तूबर तक नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में 13,283 नये मतदाता जोड़े गए हैं। इसके साथ ही 6,587 नाम हटाए गए हैं एवं 2509 के नाम, पतों का संशोधन किया गया है।

# लंपी के टीकाकरण में यूपी देश में अव्वल : गुजरात को दूसरा स्थान : रिकवरी दर 95 प्रतिशत

लखनऊ ब्यूरो : पशुओं में लंपी रोग की रोकथाम के लिए सरकारी अभियान में 1.50 करोड़ पशुओं का टीकाकरण करके यूपी ने देश में पहला स्थान बनाया है, जबकि दूसरे नंबर पर गुजरात रहा। यह उपलब्धि मात्र दो महीने के अभियान में हासिल हुई है। इसी प्रकार प्रदेश में लंपी रोग से रिकवरी दर 95 प्रतिशत है। यह जानकारी देते हुए सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि कोरोना की तर्ज पर पशुओं में तेजी से फैल रहे लंपी जैसे घातक रोग को नियंत्रित करने के लिए अभियान की शुरूआत की गई थी। मौजूदा समय में प्रदेश के 32 जिले लंपी रोग से प्रभावित हैं। इनमें करीब 1.05 लाख पशु लंपी रोग से ग्रस्त हैं। इसके मद्देनजर घर–घर पशु चिकित्सकों को भेजकर उपचार किया गया जिससे अब तक 1 लाख से अधिक पशु रोगमुक्त हो चुके हैं। विभाग द्वारा टीम–9 का गठन किया गया जिसके वरिष्ठ नोडल अधिकारियों द्वारा प्रभावित बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, सहारनपुर, आगरा और अलीगढ़



मंडलों में अभियान चलाकर लंपी चक्र को तोड़ा गया। चिकित्सकों की टीम द्वारा 26 जिलों में 89 डेडीकेटेड गो चिकित्सा स्थल बनाकर भी संक्रमण के फैलाव को रोका गया। प्रवक्ता ने बताया कि 1.50 करोड़ टीकाकरण लक्ष्य लगभग 2000 टीमों द्वारा पूरा किया गया है। जबकि 31 अक्तूबर तक 1.60 करोड़ पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। वहीं शासन द्वारा प्रदेश के पशुपालकों और किसानों को नवंबर में विशेष रूप से लंपी को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# आपराधिक केस लंबित तो भी सरकारी कर्मी अस्थायी पेंशन का हकदार : इस अवधि की नहीं मिलेगी ग्रेच्युटी

लखनऊ ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा कि आपराधिक केस के लंबित रहने के दौरान सरकारी कर्मी अस्थायी पेंशन व रिटायर होने के बाद मिलने वाले लाभ का हकदार है। यह सुविधा उसे तब तक मिलेगी जब तक कि इसके लिए कोई कानूनी अड़चन न हो। हालांकि यह भी कहा कि कर्मी इस अवधि की ग्रेच्युटी पाने का हकदार नहीं होगा। न्यायमूर्ति आलोक माथुर की एकल पीठ ने यह फैसला वायरलेस पुलिस विभाग महानगर में प्रधान/मुख्य वायरलेस ऑपरेटर पद से रिटायर हुए वीरेंद्र श्रीवास्तव की याचिका पर सुनाया। कोर्ट के समक्ष विचारणीय सवाल था कि क्या कोई सरकारी कर्मचारी जिसके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही चल रही हो वह पूरी पेंशन और ग्रेच्युटी पाने का हकदार है? याची का कहना था कि सेवाकाल में उसके खिलाफ महानगर थाने में फर्जीवाड़े का केस दर्ज हुआ था। इसके बाद उसे सस्पेंड किया गया और अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई जो उसके पक्ष में निर्णीत हुई। 10 सितंबर, 2004



को उसका निलंबन वापस ले लिया गया। इसके बावजूद रिटायर होने के बाद यह कहते हुए कि उसके खिलाफ आपराधिक केस लंबित है, नियमित पेंशन व ग्रेच्युटी रोक ली गई। याची ने हाईकोर्ट से पेंशन व ग्रेच्युटी दिलाने का आग्रह किया था।

# महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के रिजल्ट में गड़बड़ियों का मामला : एक हफ्ते में जारी होगा स्नातक का संशोधित परिणाम

वाराणसी ब्यूरो : महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में स्नातक कक्षाओं के संशोधित परीक्षा परिणाम सप्ताह भर के अंदर जारी किए जा सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कापियों के दोबारा परीक्षण का कार्य पूरा कर लिया है। छात्रों ने जल्द से जल्द संशोधित परीक्षा परिणाम जारी करने के लिए पिछले सप्ताह प्रशासनिक भवन पर जमकर हंगामा भी किया था। कुलपति ने छात्रों को आश्वासन दिया था कि जल्द से जल्द कापियों के परीक्षण के बाद संशोधित परिणाम जारी किए जाएंगे। काशी विद्यापीठ में स्नातक परीक्षाओं के परिणाम में भारी गड़बड़ियां सामने आई थीं। कहीं परीक्षार्थी अनुपस्थित था तो कहीं पूर्णांक से ज्यादा प्राप्तांक दे दिए गए थे। वहीं उत्तीर्ण छात्र को अनुत्तीर्ण कर दिया गया था। छात्र परीक्षा परिणाम की गड़बड़ियों से असंतुष्ट थे।




उन्होंने इसके लिए कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन से गुहार लगाई और अंत में जमकर धरना प्रदर्शन भी किया।

# सुनक की ताजपोशी से 75 साल बाद चर्चा में आई चर्चिल की भविष्यवाणी

अलीगढ़ ब्यूरो : ऋषि सुनक इंग्लैंड के प्रधानमंत्री बन गए हैं वह 28 अक्तूबर को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनकी ताजपोशी होने से पहले ही इंग्लैंड के पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल का एक वक्तव्य चर्चा में आ गया है। उन्होंने कहा था कि भारतीयों में हुकूमत करने की योग्यता नहीं है। 75 साल के बाद एक भारतवंशी ने इंग्लैंड का प्रधानमंत्री बनकर उनकी बात को गलत साबित कर दिया है। प्रख्यात इतिहासकार प्रोफेसर इरफान हबीब ने ऋषि सुनक के इंग्लैंड के प्रधानमंत्री बनने पर कहा कि इसमें कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। लोकतांत्रिक देश में कोई भी प्रधानमंत्री सकता है। सुनक अंग्रेज हैं, क्योंकि वह वहीं पैदा हुए हैं और पढ़ाई–लिखाई की है। उनके दादा जरूर अविभाजित भारत में पैदा हुए थे। एएमयू के इतिहास विभाग की प्रोफेसर चांदनी बी ने कहा कि विंस्टन चर्चिल ने देश की आजादी के दौरान भारत में नेतृत्व क्षमता कमी बताई थी। आज 75 साल के बाद भारतवंशी ऋषि सुनक इंग्लैंड के प्रधानमंत्री बन गए हैं। इससे चर्चिल की बात गलत साबित हो गई। चर्चिल को भारत का इतिहास नहीं पता था। अगर होता था, तो ऐसी नहीं कहते। सम्राट अशोक, सम्राट अकबर, राजा राजेंद्र चोल ने अखंड भारत पर राज किया, जिसकी सीमाएं हजारों किलोमीटर तक फैली थीं। जो आज कई देश बन चुके हैं। सुनक के प्रधानमंत्री बनने से भारत की शान बढ़ी है। इसका फायदा भारत होगा। भारत–इंग्लैंड के बीच संबंध और प्रगाढ़ होंगे। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी भारतवंशी हैं। युवाओं को इन्हें अपना रोल मॉडल बनाना चाहिए। भारतीयों के अंदर प्रतिभाएं हैं, तभी वह नेतृत्व कर रहे हैं। सुनक के प्रधानमंत्री से इंग्लैंड में भारतीय समुदाय खुश ऋषि सुनक के इंग्लैंड के प्रधानमंत्री बनने से भारतीय खुश हैं। इंग्लैंड के एक पार्क में डॉ. राकेश सक्सेना ने अपने मित्र सुदर्शन पाराशर पंजाब, रामजी जाधव दमन–दीव, अशोक कुमार दिल्ली आदि के साथ सुनक के प्रधानमंत्री बनने को लेकर चर्चा की। डॉ. राकेश सक्सेना ने बताया कि भारतीयों में खुशी है। यहां पिछले एक महीने से अर्थव्यवस्था बहुत खराब हो रही है। बिजली, गैस आदि तमाम चीजों के दाम बढ़ रहे हैं, जिससे मजदूर वर्ग के लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग भारत लौटना चाहते हैं। बुधवार को उनकी एक हेयर सैलून पर काम करने वाले गुजराती से बात हुई थी। एएमयू के स्ट्रेटजिक एंड सिक्योरिटी स्टडीज के चेयरमैन प्रो. आफताब आलम ने बताया कि भारतवंशी ऋषि सुनक के इंग्लैंड के प्रधानमंत्री बनने से कोई बहुत बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। ब्रिटिश और अमेरिकन सोसाइटी बहुत उदार और अत्याधुनिक हैं। वह छोटी–छोटी चीजों पर तवज्जो नहीं देते हैं कि कौन कहां का रहने वाला है। उन्हें लगता है कि जो उनके देश की तरक्की में योगदान दे सकता है, उसे चुनते हैं। सुनक एक अच्छे अर्थशास्त्री हैं। कोरोना काल में बतौर वित्त मंत्री सुनक ने अर्थव्यवस्था को संभाल कर रखा। इससे वहां उनकी एक अच्छी साख है। कंजर्वेटिव पार्टी ने सुनक पर भरोसा जताया है। इंग्लैंड में जो आर्थिक संकट है, उससे उबारने में वह कामयाब हो जाएंगे, जहां तक भारत से संबंध का मामला है, कभी ब्रिटेन का संबंध भारत से खराब नहीं रहा है। ब्रिटिश सिस्टम, पालियामेंट्री सिस्टम हमने वहीं से लिया है। कॉमनवेल्थ के सदस्य भी रहे हैं। किसी भी देश की विदेश नीति होती है, वह प्रधानमंत्री या हुकूमत के बदल जाने से इतनी जल्दी बदलती नहीं है। विदेश नीति जिसमें राष्ट्रहित होगा, उसके हिसाब से ब्रिटेन या अन्य देश तय करता है।

# बेली और कॉल्विन ब्लड बैंक खाली : एसआरएन पर भी संकट

प्रयागराज ब्यूरो : डेंगू और वायरल के बढ़ते मामलों के कारण प्लेटलेट्स की मांग लगातार बढ़ रही है। हालत यह है कि त्योहारों के मौके पर शहर के तमाम ब्लड बैंक का स्टाक खाली हो गया है। रक्तदान नहीं होने के कारण मरीजों को जरूरत के हिसाब से प्लेटलेट्स नहीं मिल पा रही है। डेंगू और वायरल के मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण प्लेटलेट्स की मांग लगातार बढ़ रही है। कई रोगी ऐसे हैं, जिनके पास डोनर मौजूद नहीं है या उनके डोनर ब्लड डोनेशन से पहले ही रिजेक्ट कर दिए जाते हैं। ऐसे में रोगियों को जरूरत के आधार पर ब्लड बैंकों द्वारा बिना ब्लड लिए ही प्लेटलेट्स दी जाती है। जिससे उनकी जांन बचाई जा सके। इस बीच प्लेटलेट्स की लगातार बढ़ रही मांग के कारण हालत यह हो गई कि बुधवार को बेली और काल्विन अस्पताल का ब्लड बैंक पूरी तरह खाली हो गया। वहीं मंडल के सबसे बड़े अस्पताल स्वरूपरानी अस्पताल के ब्लड बैंक में भी कमी बनी हुई है। ऐसे में सीएमओ डॉ. नानक सरन ने रक्तदाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। डेंगू के मिले 17 नए मरीज डेंगू के मरीजों के बढ़ने का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। जांच में 17 नए मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई। इसके बाद जिले में डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 772 पहुंच गई। हालांकि 726 मरीज अभी तक ठीक हो चुके हैं। जबकि 36 मरीजों को एसआरएन, बेली समेत अन्य निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। जबकि 10 मरीज घर पर रहकर ही अपना इलाज करा रहे हैं। कोरोना का मिला एक नया संक्रमित कोरोना का असर धीरे–धीरे कम होता दिख रहा है। जांच में जुटी टीमों ने बुधवार को 1445 लोगों का सैंपल लिया। इनमें एक नया संक्रमित मिला। 21 लोग डिस्चार्ज हुए। इसके बाद जिले में सक्रिय मरीजों की संख्या 15 रह गई।

# मासूम बच्चियों से अश्लील हरकत करने वाला युवक गिरफ्तार

अलीगढ़ ब्यूरो : थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को मासूम बच्चियों के साथ घिनौनी हरकत करने का मामला सामने आया है। युवक की पत्नी पड़ोस की बच्चियों को चॉकलेट–बिस्कुट का लालच देकर घर में बुलाकर लाती थी और युवक उनके साथ घिनौनी हरकत करता था। बुधवार को इसका खुलासा होने पर पुलिस ने आरोपी पति–पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्र के एक गांव के पति–पत्नी पर बच्चियों के साथ हैवानियक करने का आरोप है। आरोप है कि युवक की पत्नी पड़ोस की बच्चियों को बहला–फुसलाकर घर में लाती थी, यहां उसका पति इन बच्चियों के साथ घिनौनी हरकत करता है। बुधवार को जब पड़ोसियों ने देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर आरोपी फरार हो गया। पड़ोसियों की सूचना पर बच्चियों के परिजन मौके पर पहुंचे तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजनों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना पर एसपी सिटी, एएसपी सीओ गभाना पुनीत द्विवेदी व लोधा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और आरोपी युवक की तलाश करने लगी। लोधा पुलिस ने युवक को ससुराल से गिरफ्तार कर थाने में बंद कर दिया। सीओ गभाना ने बताया कि थाना लोधा के एक गांव में एक दंपती पर बच्चियों के साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है। मुकदमा दर्ज कर पति–पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# युवक की आत्महत्या में जिम्मेदार बताई जा रही महिला गिरफ्तार

अलीगढ़ ब्यूरो : महानगर के देहली गेट क्षेत्र के गोविंद नगर में शादी कराने वाली महिला की धमकियों और पुलिस उत्पीड़न से तंग युवक की आत्महत्या के मामले में आरोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसी के साथ मामले में देहली गेट इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर किए जाने के बाद नए इंस्पेक्टर को वहां तैनाती दे दी गई है। गोविंद नगर के 35 वर्षीय रवि ने 11 माह पहले पश्चिम बंगाल की महिला से विवाह किया था। यह विवाह इलाके की गुलाबो देवी नाम की महिला ने कराया था। आरोप है कि मई माह में रवि की पत्नी गुलाबो देवी के घर से गायब हो गई। उसकी गुमशुदगी रवि की ओर से दर्ज न कर पुलिस ने पिछले माह महिला के भाई की ओर से दर्ज कर ली। इस मामले में पुलिस पर आरोप लगा है कि लगातार पुलिस रवि व उसकी मां को परेशान कर रही थी। इसी से तंग आकर दिवाली की रात उसने घर में फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। जिसे लेकर मंगलवार को जमकर बवाल हुआ। इस मामले में मंगलवार को ही पुलिस ने गुलाबो पर मुकदमा दर्ज किया और इंस्पेक्टर व चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया। इस मामले में अब गुलाबो देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं नए इंस्पेक्टर देहली गेट के रूप में विनोद कुमार को तैनाती दी गई है। बता दें कि इस मामले में डीएम स्तर से मजिस्ट्रेटी जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।